# खास-खबरें

## बोहरा समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ निकाला ईद मिलादुन्नबी पर चल समारोह



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** शहर में बोहरा समुदाय द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के मुबारक मौके पर ईद मिलादुन्नबी का चल समारोह पूरी अकीदत और हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। इस चल समारोह में समाज के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में बोहरा समुदाय के लोग शामिल हुए, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल बन गया। ?चल की शुरुआत सोमवार को शहर की मीरकला मस्जिद से की गई। पूरे अनुशासन और शांति के साथ यह चल समारोह शहर के मुख्य मार्गों से होकर

## सावन एकादशी पर धार्मिक आयोजन, राधा-कृष्ण बने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** सावन एकादशी के पावन अवसर पर सेवा भारती नगर भैरूंदा द्वारा शुभम कॉन्वेंट स्कूल परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, सखी-सहेली मिलन, सावन झूला उत्सव, वृक्षारोपण और ग्रीन क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की गई। नगर की मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आयोजन को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर राधा-कृष्ण की झांकी और सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहे।

## सावन के अंतिम सोमवार पर महाकाल की नगरी हुई शिवमय



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार को धर्म नगरी उज्जैन पूरी तरह भगवान महाकाल की भक्ति में डूबी नजर आई। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में अलसुबह हुई भस्म आरती से लेकर शाम को निकली बाबा महाकाल की अंतिम सवारी तक हर ओर हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर देशभर से पहुंचे करीब 7.50 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। अंतिम सोमवार के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के पट रात 2:30 बजे खोल दिए गए। सुबह 3 बजे बाबा महाकाल की भस्म आरती शुरू हुई। इस दौरान भगवान का दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस से महापंचामृत अभिषेक किया गया।

## छात्रहित के मुद्दों को लेकर एबीवीपी पीजी कॉलेज अध्यक्ष नीलू राठौर ने सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शासकीय पीजी महाविद्यालय, सीहोर में छात्र-छात्राओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पी.जी. कॉलेज अध्यक्ष नीलू राठौर द्वारा ज्ञापन सौंपकर छात्रहित में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एनसीसी से जुड़े छात्र-छात्राओं द्वारा एएनओ डॉ. कमलेश मैडम एवं सीनियर छात्र नितिन वर्मा के व्यवहार एवं कार्यप्रणाली को लेकर की जा रही शिकायतों का उल्लेख किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष जांच कर छात्रहित में आवश्यक कार्रवाई की जाए। यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो संबंधित व्यक्तियों को उनकी जिम्मेदारी अथवा दायित्व से हटाने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पी.जी. महाविद्यालय में प्रवेश सीटें बढ़ाने की मांग भी रखी गई।

## तीर्थाटन सा नजाराः पं. मिश्रा की अगुवाई में आज निकलेगी 11 किमी लंबी कांवड़ यात्रा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** सावन के पावन अवसर और प्रदोष के अत्यंत दुर्लभ व शुभ संयोग पर आज धर्मनगरी सीहोर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का ऐसा महासंगम देखने को मिल रहा है, जिसकी भव्यता देख हर कोई शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में आज 25 अगस्त को सुबह ठीक 9 बजे सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वर धाम तक 11 किलोमीटर लंबी ऐतिहासक एवं भव्य कांवड़ यात्रा का शुभारंभ होगा। सीवन नदी के तट पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन और जलाभिषेक के साथ इस विराट यात्रा की शुरुआत होगी, जो कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के साथ संपन्न होगी। कांवड़ यात्रा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि प्रदोष तिथि पर कांवड़ यात्रा निकालने का अपना एक अलग और पौराणिक महत्व है।

# योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर अधिकतम नागरिकों तक पहुंचाएं लाभ : केंद्रीय मंत्री चौहान

### दिशा समिति की बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा, किसानों और युवाओं के लिए विशेष निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक सोमवार को रायसेन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि बैठक का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र नागरिकों तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, योजनाओं की नियमित निगरानी करने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत



मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

**आवास योजनाओं की समीक्षाः** प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को सीमेंट, रेत, ईंट जैसी सामग्री एक स्थान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर विचार करने के निर्देश दिए। साथ ही आवास निर्माण के लिए मिलने वाली राशि का सही उपयोग हो, इसकी निगरानी करने को कहा।

उन्होंने वीबी-जी राम-जी योजना की भी समीक्षा की और सभी पात्र ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि योजना के संबंध में विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे किए जा चुके हैं। वहीं वाटरशेड योजना के अंतर्गत बेतवा पुनर्जीवन कार्यों का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है।

**युवाओं के कौशल विकास पर ध्यानः** दीनदयाल कौशल विकास योजना की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योजना का उद्देश्य युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी रखने और स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना की भी समीक्षा की गई। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ठेकेदारों को भुगतान से पहले कार्यों की गुणवत्ता की जांच अवश्य की जाए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत जिले में बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत किए गए हैं। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने क्षेत्रों से संबंधित विकास कार्यों और समस्याओं को समिति के समक्ष रखा।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत और सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।

### किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

केंद्रीय मंत्री ने किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए तैयार कृषि रोड मैप पर चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को उद्यानिकी और नगदी फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए किसान मेले, संगोष्ठियां और वैज्ञानिकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में आईसीआर के राजवीर ने वर्चुअल माध्यम से जानकारी दी कि कृषि रोड मैप के तहत एफपीओ, स्व-सहायता समूहों और किसानों को उन्नत कृषि प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें फल, सब्जी, दलहन, तिलहन, गेहूं और चावल की बेहतर खेती के साथ उन्नत बीज उपलब्ध कराने की योजना है।

## श्रद्धा और भक्ति से गूंजा वेदांत आश्रम

**गंजबासौदा।** जीवाजीपुर स्थित जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती द्वारा स्थापित वेदांत आश्रम में श्रावण मास के अवसर पर चल रहे मासिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अनुष्ठान में सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंत्रोच्चार, शिवनाम संकीर्तन और विधि-विधान से हुए पूजन से पूरा आश्रम शिवमय हो गया। अनुष्ठान के दौरान विभिन्न यजमानों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव का अभिषेक और पूजन किया। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने पार्थिव शिवलिंग पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना में इसका विशेष स्थान है। मिट्टी से शिवलिंग का निर्माण केवल धार्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि साधक के भीतर विनम्रता, एकाग्रता और भक्ति भाव विकसित करने वाली साधना है। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान मन, वचन और कर्म को भगवान शिव के चरणों में समर्पित करने का भाव रखना चाहिए। मिट्टी का शिवलिंग यह संदेश देता है कि संसार की सभी भौतिक वस्तुएं नश्वर हैं, जबकि शिव तत्व शाश्वत है। इस साधना से व्यक्ति अहंकार से दूर होकर आत्मिक शांति की ओर बढ़ता है। महंत हरिहर दास महाराज ने कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए आडंबर नहीं, बल्कि सच्ची श्रद्धा, समर्पण और निर्मल भाव आवश्यक है।

## युवा कांग्रेस का 'हल्ला बोल', कलेक्ट्रेट घेराव से पहले वाटर कैनन से रोका



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** केंद्र सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई और नीट जैसी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को युवा कांग्रेस ने शाजापुर में 'हल्ला बोल' प्रदर्शन किया।

कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने डिपो के सामने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। प्रदर्शनकारियों द्वारा बैरिकेड्स पार करने का प्रयास करने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेजा गया।

दोपहर करीब दो बजे बस स्टैंड पर सभा के बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहन रखे थे और हाथों में विभिन्न मांगों से जुड़ी तख्तियां थीं। डिपो के सामने पुलिस ने पहले से बैरिकेडिंग कर रखी थी। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पर चढ़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने तीन वाटर कैनन वाहनों से पानी की बौछार की।

## मानसून सक्रिय, बुधनी में 2.05 इंच बारिश

**सीहोर।** जिले में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। सोमवार को जिले में औसतन 0.38 इंच बारिश दर्ज की गई। इस दौरान बुधनी क्षेत्र में सर्वाधिक 2.05 इंच वर्षा हुई। अन्य क्षेत्रों में भैरूंदा में 0.71 इंच, श्यामपुर में 0.22 इंच और सीहोर शहर में 0.08 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। हालांकि, आष्टा, जावर, इच्छावर और रेहटी में इस दिन कोई बारिश दर्ज नहीं हुई। मानसून सीजन की शुरुआत 1 जून से 24 अगस्त तक जिले में कुल औसतन 27.70 इंच बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी अवधि में 31.63 इंच वर्षा दर्ज की गई थी। इस सीजन में अब तक सीहोर में 32.99 इंच, रेहटी में 31.41 इंच, बुधनी में 29.13 इंच, भैरूंदा में 28.94 इंच, इच्छावर में 26.02 इंच, आष्टा में 26.18 इंच, श्यामपुर में 25.51 इंच और जावर में 21.46 इंच कुल बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और मध्य प्रदेश से गुजर रहा है।

## उज्जैन में बिजली विभाग के कार्यालय में जन्मदिन जश्न पर विवाद, एई को नोटिस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** महाकाल नगरी उज्जैन में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एक सहायक यंत्री के जन्मदिन समारोह को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। रविवार के दिन बिजली विभाग के कार्यालय परिसर में आयोजित जश्न का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है।

जानकारी के अनुसार सहायक यंत्री रविकांत मालवीय के जन्मदिन पर कार्यालय परिसर में समारोह आयोजित किया गया था। वायरल वीडियो में कार्यालय परिसर में हाथी की सवारी और अन्य कार्यक्रम दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि साप्ताहिक अवकाश के दिन सरकारी कार्यालय परिसर का उपयोग निजी कार्यक्रम के लिए किया गया। मामले में नोटों की डिजाइन वाले केक को लेकर भी विवाद सामने आया है। सोशल



मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने सरकारी कार्यालय में इस तरह के आयोजन और मुद्रा की डिजाइन वाले केक को लेकर सवाल उठाए हैं।

**जांच के बाद होगी कार्रवाईः** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री वीके मालवीय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। विभाग अब इस बात की जांच कर रहा है कि अवकाश के दिन कार्यालय किसकी अनुमति से खोला गया और आयोजन में किन लोगों की भूमिका रही।


अधीक्षण यंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यालय की गरिमा और नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

## भक्तों को दर्शन देने निकले बाबा पशुपतिनाथ

### अंतिम सावन सोमवार की शाही सवारी में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर नगर के आराध्य भगवान पशुपतिनाथ शाही सवारी के रूप में नगर भ्रमण पर निकले। बाबा के स्वागत के लिए पूरा शहर सड़कों पर उमड़ पड़ा। एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने सवारी मार्ग पर पहुंचकर बाबा पशुपतिनाथ का दर्शन और स्वागत किया। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने स्वागत मंच बनाकर पुष्पवर्षा कर बाबा के रथ की अगवानी की।

प्रातःकालीन आरती मंडल के तत्वावधान में आयोजित शाही सवारी का शुभारंभ सोमवार सुबह पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण से हुआ। सुबह 11 बजे मंदिर परिसर में कलेक्टर दिव्यांक सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मीना, सांसद सुधीर



गुप्ता, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बाबा के रथ का पूजन किया। इसके बाद पुलिस विभाग की ओर से बाबा पशुपतिनाथ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और रथ नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ।

सवारी बरगुंडा गली, केशव सत्संग भवन रोड, खानपुरा, मंडी गेट, सदर बाजार, धानमंडी, गणपति चौक, शुक्ला चौक, नेहरू बस स्टैंड और कालिदास मार्ग से होते हुए देर शाम पुनः मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बाबा का स्वागत किया।

सवारी में शामिल 26 आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इनमें राधा-कृष्ण महारास लीला, राम दरबार, केरल की कथकली प्रस्तुति और महाकाल की लाइव आरती प्रमुख रहीं। भगवान तिरुपति बालाजी की झांकी और आकर्षक प्रकाश सज्जा ने सभी का ध्यान खींचा।

### कम वर्षा से किसानों की चिंता बढ़ी फसलों पर पड़ सकता है असर

**गंजबासौदा।** क्षेत्र में इस वर्ष बारिश का आंकड़ा अभी औसत से काफी पीछे चल रहा है। अब तक 755 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि क्षेत्र की औसत वार्षिक वर्षा करीब 1100 मिलीमीटर है। ऐसे में अभी भी औसत बारिश तक पहुंचने के लिए करीब 350 मिलीमीटर पानी की आवश्यकता है। किसानों के अनुसार पिछले वर्ष इस समय तक क्षेत्र में करीब 850 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी, जबकि इस बार वर्षा की स्थिति कमजोर बनी हुई है। बारिश का क्रम इसी तरह कम रहा तो खरीफ फसलों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि वर्तमान समय में फसलों को पर्याप्त पानी की जरूरत है। कम बारिश होने से खेतों में नमी कम हो रही है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

## बर्फानी सिक्योरिटी सर्विस का लेबर सप्लाई अनुबंध निरस्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, पीथमपुरः** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लेबर सप्लाई का काम कर रही बर्फानी सिक्योरिटी सर्विस जबलपुर का अनुबंध जांच के बाद निरस्त कर दिया गया है। कंपनी का नगर परिषद पीथमपुर के साथ एक वर्ष के लिए अनुबंध किया गया था, जो जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक प्रभावी था। शिकायतों की जांच में अनुबंध की शर्तों और नियमों के उल्लंघन से जुड़ी कई अनियमितताएं सामने आने की बात कही गई है।

अनुबंध की प्रमुख शर्तों के अनुसार लेबर सप्लाई करने वाली कंपनी का ब्लैकलिस्टेड नहीं होना आवश्यक था। इसके अलावा कंपनी को लिखित रूप से यह घोषणा करनी थी कि वह ब्लैकलिस्टेड नहीं है। अनुबंध के तहत कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले वेतन का भुगतान करना भी कंपनी की जिम्मेदारी थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता था। साथ ही कर्मचारियों के पीएफ और ईएसआई की राशि भी समय पर जमा नहीं किए जाने की शिकायतें सामने आईं। इस संबंध में कई बार लिखित शिकायतें अधिकारियों और नगर परिषद को दी गईं, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप है। शिकायतों में आरोप लगाया गया कि नियमों के विपरीत कंपनी को लेबर सप्लाई का काम दिया गया।

**स्पेशल खबर** लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी और इमरजेंसी की जिम्मेदारी एक ही चिकित्सक पर, मरीजों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

# एक डॉक्टर के भरोसे चालीव गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा/लाड़कुईः** लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के चलते करीब 35 से 40 गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था एक डॉक्टर के भरोसे चल रही है। अस्पताल में पदस्थ सेक्टर डॉक्टर के लंबे अवकाश पर होने से ओपीडी और इमरजेंसी सेवाओं की जिम्मेदारी फिलहाल एक ही चिकित्सक संभाल रहे हैं। इसका असर दूरदराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है।

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह से ही मरीजों की भीड़ जमा रही। ग्रामीण अपने छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टर के समय पर उपलब्ध नहीं होने से उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार करीब 11 बजे डॉक्टर राज मीणा के ओपीडी में पहुंचने के बाद मरीजों की जांच और उपचार शुरू हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग दूर-दराज के गांवों से सुबह ही अस्पताल पहुंच



जाते हैं। आने-जाने में समय लगने के बाद अस्पताल में भी इंतजार करना उनकी परेशानी बढ़ा देता है।

**एक डॉक्टर पर ओपीडी और इमरजेंसी का भारः** जानकारी के अनुसार लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सेक्टर डॉक्टर महेश कुमार पांडेय करीब 25 दिनों से अवकाश पर हैं। उनके अवकाश पर रहने के कारण डॉक्टर राज मीणा ओपीडी के साथ इमरजेंसी सेवाओं की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं।

अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में एक ही डॉक्टर द्वारा दोनों व्यवस्थाएं संभालना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी समय गंभीर मरीज पहुंचता है तो ओपीडी में मौजूद अन्य मरीजों को और अधिक इंतजार करना पड़ सकता है।

**निजी इलाज का बढ़ रहा सहाराः** लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आसपास के 35 से 40 गांवों के लोग इलाज के लिए निर्भर हैं। क्षेत्र में बड़ी संख्या में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार रहते हैं, जो सरकारी अस्पताल में कम खर्च में इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि डॉक्टरों की कमी के कारण कई मरीजों को मजबूरी में निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों की पदस्थापना करने की मांग की है। उनका कहना है कि ओपीडी और इमरजेंसी के लिए अलग-अलग चिकित्सकों की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

### सीबीएमओ बोले-डॉक्टर छुट्टी पर हैं

सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने बताया कि सेक्टर डॉक्टर महेश कुमार पांडेय करीब 25 दिनों से छुट्टी पर हैं। वर्तमान में डॉक्टर राज मीणा ओपीडी और इमरजेंसी दोनों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि महेश कुमार पांडेय की वापसी को लेकर विभाग के पास अभी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। वहीं डॉक्टर महेश पांडेय ने बताया कि उन्होंने छुट्टी की जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग को लिखित रूप से दी है। वे वर्तमान में अवकाश पर हैं और रक्षाबंधन के बाद ड्यूटी पर लौटेंगे।